दिनांकः 27.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह आज भरतपुर में आज आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष में पुलिस परेड ग्रांड में हो रहे इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कई सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ राशि के हस्तांतरण के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। इनमें 92 हजार श्रमिकों को एक सौ करोड रुपये का हस्तांतरण, 20 हजार परिवारों को स्वामित्व कार्ड योजना में पट्टा वितरण और माटी कलाकारों को बिजली चालित चाक वितरण शामिल हैं। मुख्यमंत्री दिव्यांगों को पावर ड्रिवन व्हील चेयर और सहायक उपकरण भी वितरित करेंगे। श्री शर्मा ग्रामीण विकास के नए ई वर्क पोर्टल 2.0 और मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे।
राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित हो रहे अन्य कार्यक्रमों की कड़ी में मुख्यमंत्री ने आज जयपुर से पुलिस के डेढ़ सौ नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई। ये कार्यक्रम जवाहर सर्किल पर आयोजित किया गया। इन वाहनों में पुलिस थाना वाहन, पुलिस फील्ड अधिकारियों के वाहन, सड़क सुरक्षार्थ हाईवे रेस्क्यू व्हीकल, मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट तथा ट्रूप कैरियर वाहन शामिल हैं।

000

दौसा में राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आज जिला रोजगार कार्यालय परिसर में प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कम्पनियां भाग ले रही हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से आज राजभवन में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मुलाकात की। इस दौरान श्री देवनानी ने राज्यपाल को अहिल्याबाई होल्कर पर प्रकाशित पुस्तक भेंट की। श्री बागडे से विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न विषयों पर संवाद भी किया। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

000

प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म कालीन कार्यों के तहत पेयजल व्यवस्था के लिए कुल 144 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी की गई है। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बताया कि इससे लगभग 1 हजार 200 कार्य कराए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पीने के पानी के संकट वाले स्थानों पर आमजन को तुरन्त राहत देने के लिए सभी जिलों में टैंकर के माध्यम से पेयजल परिवहन किया जाएगा। इसके लिए अप्रैल से जुलाई तक की अवधि के लिए 82 करोड़ 37 लाख रुपये जारी किये गये हैं। अधिकारियों को इन कार्यों को एक निश्चित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत दी जा सके।

000

प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते बीकानेर और जोधपुर संभाग में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार सीमावर्ती जिलों में आज भी आंधी चलने के साथ बादलों की आवाजाही जारी रहने की संभावना है। इससे तापमान में और गिरावट के आसार हैं।
इस बीच, पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 41 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान धौलपुर में रिकॉर्ड किया गया। उधर, बाडमेर में पारा लुढ़क कर 38 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

000

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के अंतिम सप्ताह में लगातार तीन दिन 29, 30 और 31 मार्च को राजकीय अवकाश होने के बावजूद पंजीयन और मुद्रांक विभाग के सभी कार्यालय खुले रहेंगे। उप महानिरीक्षक डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कवायद के तहत इन तीन दिनों में भी सभी उप पंजीयक कार्यालयों को

खुला रखा जाएगा। अन्य कार्य दिवसों की तरह सभी प्रकार के दस्तावेज को पंजीबद्ध करवाया जा सकेगा।

000

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज शाम भव्य समारोह के साथ होगा। समारोह में युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी शामिल होंगी। खेलो इंडिया मिशन के तहत प्रमुख पहल के रूप में, पैरा गेम्स ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। आठ दिन की इस चैंपियनशिप में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, निशानेबाजी और टेबल टेनिस जैसे छह खेलों में एक हजार तीन सौ से अधिक पैरा–खिलाड़ियों ने भाग लिया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ये सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से ऑन–लाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक दिये जा सकते है।

000